प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
19.05 शुक्रवार दिनांक 26.04.2024

मुख्य समाचारः–

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत तीन लोकसभा क्षेत्रों – कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ मतदान।
- लोगों ने नक्सली खौफ और गर्मी की चिंता न करते हुए मतदान करने में दिखाया अभूतपूर्व उत्साह–शाम पांच बजे तक बहत्तर प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया।
- छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा में हुई कथित अनियमितता की जांच अब सीबीआई करेगी–केन्द्र सरकार ने जारी की अधिसूचना।
- मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी–अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक हल्की गिरावट की संभावना।

दूसरा चरण–मतदान–01

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर संसदीय क्षेत्रों में आज शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। इसके साथ ही इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों में तीन महिलाओं सहित इकतालीस उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। इन तीनों संसदीय क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक औसत रूप से करीब 72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह अनंतिम आंकड़े हैं, अंतिम आंकड़े आना अभी बाकी है।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में लगभग 72 प्रतिशत, महासमुंद में करीब 71 प्रतिशत और कांकेर लोकसभा क्षेत्र में 73.50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

दूसरे चरण के मतदान के लिए छह हजार पांच सौ सड़सठ मतदान केन्द्र बनाए गए थे। इनमें तेईस मतदान केन्द्रों को संवेदनशील और चार सौ अंठावन केन्द्रों को अति–संवेदनशील घोषित किया गया था। दूसरे चरण में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों की दो सौ बाईस कंपनियां तैनात की गई

थी। इसके साथ ही सभी संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील इलाकों में स्थित पोलिंग बूथों में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए ड्रोन की भी मदद ली गई। वहीं, तीन हजार दो सौ तैंतालीस केन्द्रों में वेबकास्टिंग और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई थी। इसके माध्यम से निर्वाचन आयोग द्वारा इन केन्द्रों पर नजर रखी गई। दूसरे चरण में लगभग तैंतीस हजार मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या बावन लाख चौरासी हजार नौ सौ अड़तीस है। इनमें छब्बीस लाख पांच हजार तीन सौ पचास पुरुष, छब्बीस लाख उनयासी हजार पांच सौ अट्ठाईस महिला और तृतीय लिंग के साठ मतदाता हैं।

दूसरा चरण–मतदान–02

दूसरे चरण के चुनाव के लिए तीनों संसदीय क्षेत्रों में कुल तीन सौ तीस संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनका प्रबंधन महिला चुनाव कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों द्वारा किया गया। वहीं, एक सौ सत्रह मतदान केंद्रों का संचालन युवाओं द्वारा किया गया। इसी तरह, तीनों लोकसभा क्षेत्रों में एक सौ बीस आदर्श मतदान केन्द्र और पच्चीस दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए थे। हर केंद्र पर मतदाता सहायता बूथ स्थापित किए गए थे, जहां मौजूद बीएलओ मतदाता सूची में उनका नाम और सरल क्रमांक ढूंढने में मदद की। इसके साथ ही एनएसएस, स्काउट गाईड्स के कैडेटो ने मतदान केन्द्रों में दिव्यांग वरिष्ठ नागरिकों की मदद की।

राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर लोगों की लंबी–लंबी कतारें देखी गईं। युवा और महिला मतदाताओं के साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी गर्मी की परवाह किए बिना वोट डालने मतदान केन्द्र पहुंचे। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मतदान केन्द्रों को छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति की थीम पर विशेष रूप से सजाया गया था। धमतरी के बिलभदर मतदान केन्द्र में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के कुछ मतदाता पारंपरिक औजार– तीर–धनुष, टुकनी और सुपा लेकर मतदान करने पहुंचे। वहीं, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति की युवा महिला मतदाता अपनी दूधमुंही बच्ची के साथ पहुंचकर मतदान किया। इसी तरह, कबीरधाम जिले के ओड़ियाकला मतदान केन्द्र में चमरू यादव ने पारंपरिक वेशभूषा में

मतदान केन्द्र पहुंचकर वोट डाला और अन्य ग्रामीणों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं, इसी जिले के भिंभौरी मतदान केन्द्र में दिव्यांगों को मतदाता रथ से मतदान केन्द्र लाया गया और मतदान के बाद उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाया गया। इन स्थानों पर कई मतदाताओं ने मतदान के बाद सेल्फी भी ली।

दूसरा चरण–मतदान–03

महासमुंद के कलाबाई स्कूल में बनाए गए मतदान केन्द्र में एक दुल्हन विवाह की रस्मों के बीच अपने परिजनों के साथ वोट डालने पहुंची। वहीं, राजनांदगांव के डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के खरकटोला गांव में दूल्हा शोभित चन्द्रवंशी ने बारात जाने से पहले मतदान किया। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के विश्रामपुरी–रोगाडीह गांव निवासी भोजराज सोनी ने बारात जाने से पहले लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करते हुए पहले परिवार के साथ मतदान किया, उसके बाद बारात के लिए रवाना हुए। इसी तरह, बालोद जिले के गुंडरदेही विकासखंड अंतर्गत कंचादूर में दुर्गेश चन्द्राकर पहले पिता के साथ वोट डालने मतदान केन्द्र पहुंचे, उसके बाद बारात के लिए प्रस्थान किया। इसी तरह, राजनांदगांव के छुरिया मतदान केन्द्र में भगवती यादव विवाह की रस्मों के बीच समय निकालकर मतदान करने पहुंची।

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के तहत कवर्धा शहर में एक ही परिवार की चार पीढ़ियां एक साथ मतदान करने पहुंचीं। इस शहर के रामनगर इलाके के निवासी शर्मा परिवार के परदादा से लेकर परपोते ने कैलाश नगर पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा स्थित आदर्श मतदान केन्द्र आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल में पहुंचकर मतदान किया।

इस बीच, सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए नक्सल प्रभावित नवागांव और बागडोंगरी के मतदान केन्द्रों को मोरचुल गांव में शिफ्ट किया गया था, जहां बनाए गए तीन मतदान केन्द्रों में ग्यारह गांवों के ग्रामीण मतदान करने पहुंचे।

विशेष कार्यक्रम

श्रोताओं, राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्र में आज हुए मतदान पर प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा एक विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा इस विशेष कार्यक्रम को आज रात आठ बजे से प्रसारित किया जाएगा, जिसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ रिले करेंगे।

<u>तीसरा चरण–मतदान–प्रचार</u>

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात संसदीय सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार अभियान चरम पर हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में बेमेतरा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार फिर से बनती है तो आने वाले दो वर्षों में छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में देश से आतंकवाद को समाप्त कर दिया है। श्री शाह ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति अब नहीं चलने देंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री दयालदास बघेल, भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल सहित अनेक विधायक और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दूसरी ओर, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा आज छत्तीसगढ़ के दौरे पर पहुंची। इस मौके पर उन्होंने रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार पर महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाने का आरोप लगाया। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वे अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगी।

<u>मतदाता जागरूकता</u>

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ''रक्तदान–जीवनदान, मतदान कर देश बनाए महान'' के संदेश के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पीएससी परीक्षा–सीबीआई जांच

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–पीएससी परीक्षा में हुई कथित अनियमितता की जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी। इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

गौरतलब है कि पीएससी परीक्षा दो हजार इक्कीस में राज्य के बारह विभागों में एक सौ सत्तर पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची जारी की गई थी। चयन सूची जारी होने के बाद अनेक प्रतिभागियों ने चयन प्रक्रिया में कथित गड़बड़ी को लेकर शिकायत की थी। इसके साथ ही इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। इसके अलावा एन्टीकरप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने भी इस मामले में अपराध दर्ज किया था।

वहीं, विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने सीबीआई जांच के लिए अधिसूचना जारी कर दी है।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार देश में आगामी एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों पर हिदायतुल्लाह नेशलन लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर परवेश कुमार राजपूत से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल सत्ताईस अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

ट्रेन रद्द

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी–बीना सेक्शन के हरदुआ–मझगवां फाटक के मध्य तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके कारण उनतीस अप्रैल से एक मई तक बिलासपुर–भोपाल एक्सप्रेस तथा एक से तीन मई तक भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका मराठवाड़ा से तमिलनाडु तक बनी हुई है, जिसके प्रभाव से प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इसके कारण आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं,

एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक हल्की गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है।

<><><><><><>